समाचार

# राजस्व मंत्री करेंगे मुड़ापार तालाब के जीर्णोद्धार व उद्यान निर्माण कार्य का भूमिपूजन

कोरबा 28 अक्टूबर 2019—राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 29 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 11 बजे वार्ड क्र. 12 अंतर्गत मुड़ापार तालाब के जीर्णोद्धार एवं तालाब के पास नए उद्यान निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा की जाएगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण एवं वार्ड पार्षद अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 02 करोड़ 33 लाख रूपये की लागत से किए जाने वाले इन विकास कार्यो के भूमिपूजन का कार्यक्रम मुड़ापार तालाब के पास आयोजित किया गया है। आमनागरिकों से निगम द्वारा अपील की गई है कि वे उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करें।